-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सड़क पर रोते हुये मिले 03 वर्ष के बच्चे सकुशल परिजनों का किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में आज दिनांक 22.11.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुमशुदा 03 वर्ष के बच्चे को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। आज दिनांक 22.11.2024 को रात 20.00 बजे चौकी अलीगंज पुलिस टीम को बाबुलाल चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बच्चा सुफियान पुत्र सैफी निवासी हाथी खाना अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा उम्र लगभग तीन वर्ष रोते हुये मिला था जो अपना नाम/माता-पिता का नाम/घर का पता बता पाने में असमर्थ था। बच्चे को चौकी अलीगंज में लाकर बैठाया गया तथा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बच्चे के माता-पिता को से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया। अलीगंज पुलिस टीम के लगभग 01 घण्टे के अथक प्रयास से बच्चे के माता-पिता से सम्पर्क हो पाया। माता-पिता को चौकी बुला कर बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को पाकर परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

पुलिस टीम-

1. चौकी प्रभारी अलीगंज श्री राकेश कुमार द्विवेदी
2. का0 रावेन्द्र श्रीवास्तव
3. का0 कल्याण सिंह